## खबर संक्षेप

### हर दो घंटे में भेजी जायेगी निर्वाचन आयोग को ईएमसीसी की रिपोर्ट

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान के दिन एवं मतदान से एक दिन पूर्व ईएमएमसी (इलेक्ट्रॉनिक मीडिया मॉनीटरिंग कमेटी) से प्राप्त आइटम या न्यूज पर प्रति 2 घंटे में एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) भारत निर्वाचन आयोग को भेजी जानी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये ईएमएमसी की रिपोर्ट भेजने संयुक्त कलेक्टर सतना सुधीर कुमार बैक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

### आनंद विहार ट्रेन के एसी कोच में चोरी, पांच यात्रियों का सामान ले गए बदमाश

**सतना।** दिल्ली और सतना के बीच ट्रेन में चोरी करने वालों का गिरोह लगातार घटनाओं को अंजाम दे रहा है। बड़ी संख्या में चोरी की वारदातें हो रही हैं। बीती रात भी आनंद विहार से चलकर रीवा की ओर जाने वाली ट्रेन के एसी कोच में चोरों ने चोरी की घटनाओं का अंजाम दिया और फरार हो गए। बताया जाता है कि चोरी की घटना एक सेकंड क्लास कोच में हुई है। बदमाश पांच यात्री का सामान ले गए हैं। घटना के वक्त सभी यात्री गहरी नींद में थे। जब उनकी नींद खुली तो सामान गायब थे। समान नहीं मिलने के कारण यात्रियों में हड़कंप मच गया उन्होंने एक दूसरे से अपने सामान के बारे में पूछा लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।घटना मानिकपुर और प्रयागराज के बीच होने की संभावना जताई गई है। यात्रियों ने सामान चोरी होने की शिकायत जीआरपी से की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अभी तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

### स्ट्रांग रुम प्रातः 6 बजे खुलेगा

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना लोकसभा क्षेत्र में मतदान 26 अप्रैल को होगा। लोकसभा क्षेत्र की सभी सातों विधानसभा क्षेत्रवार मतदान दलों को सामग्री का वितरण 25 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से किया जायेगा। शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में स्थापित स्ट्रांग रुम अभ्यर्थियों एवं उनके एजेंटों की उपस्थिति में 25 अप्रैल को प्रातः 6 बजे खोला जायेगा। मतदान दलों को सामग्री वितरण के लिये काउंटर पर तैनात संलग्न सभी कर्मचारी प्रातः 5:30 बजे अपनी उपस्थिति अपने-अपने सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को देंगे। विधानसभा क्षेत्रवार नियुक्त मतदान दलों के कर्मचारी और रिजर्व कर्मचारी प्रातः 7 बजे उपस्थित होकर मतदान सामग्री प्राप्त करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि ग्रीष्मऋतु के तापमान के दृष्टिगत प्रातः शीघ्रता से सामग्री वितरण कर सभी मतदान दलों को प्रातः 11 बजे तक अनिवार्य रुप से मतदान केंद्रों के लिये रवाना कर देने का लक्ष्य रखा गया है। प्रातः 6 बजे मतदान दलों को किस मतदान केंद्र में जाना है। इसकी डिकोडिंग भी की जायेगी।

### वास्तविक मतदान से 90 मिनट पहले होगा मॉकपोल, मॉकपोल के बाद शुरू होगा वास्तविक मतदान

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सतना संसदीय क्षेत्र में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। मतदान के लिए व्हीव्हीपैट ईव्हीएम का उपयोग किया जा रहा है। वास्तविक मतदान शुरू होने से 90 मिनट पहले मॉकपोल कराया जायेगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सभी पीठासीन अधिकारी प्रातः 7 बजे वास्तविक मतदान शुरू होने से पहले मॉकपोल या दिखावटी मतदान की प्रक्रिया पूरी करेंगे। ईव्हीएम को वोटिंग के लिए तैयार करके उम्मीदवारों के एजेंटों की उपस्थिति में प्रत्येक उम्मीदवार के नाम के सामने के बटन से एजेंटों से मतदान करायें। मतदान पूरा होने के बाद कुल मतपत्रों का योग तथा परिणाम एजेंटों को दिखायें। इसके बाद सभी मत क्लियर करके कंट्रोल यूनिट को वास्तविक मतदान के लिए सील बंद करें।



### कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा

# मतदान दल मतदान सामग्री के साथ हुए रवाना

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये संतना संसदीय क्षेत्र अंतर्गत सतना और मैहर जिले के सात विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान होगा। इनमें विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट, रैगांव, सतना, नागौद, मैहर, अमरपाटन तथा रामपुर बघेलान शामिल हैं।इन विधानसभा क्षेत्रों में बनाये गये 1950 मतदान केन्द्रों में 17 लाख 8 हजार 823 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान कराने के लिए सभी मतदान दल सामग्री वितरण स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना से निर्धारित बसों से रवाना हुए देर शाम तक सभी मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्र में पहुंच गये हैं। मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से भेजा गया है। इसी से दलों के पहुंचने की मानीटरिंग कन्ट्रोल रूम से की जा रही है। सामग्री वितरण स्थल शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना के परिसर में प्रातः काल से ही उत्सव जैसा वातावरण रहा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा,कलेक्टर मैहर रानी बाटड,पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत संजना जैन,उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्वप्निल वानखेडें, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना सहित सभी विधानसभा क्षेत्रों के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान दलों के लिए व्यवस्थायें सुनिश्चित की। विधानसभावार बनाये गये अलग-अलग काउंटरों से मतदान दलों को



विधानसभावार पंडाल में बिठाकर वहीं सामग्री दी गई। पंडाल में बैठकर चेकलिस्ट के साथ मतदान सामग्री का मिलान किया। इसके बाद निर्धारित वाहनों से सुरक्षा कर्मचारियों के साथ मतदान दल ने प्रस्थान किया। कलेक्टर श्री वर्मा ने सभी सेक्टर आफीसर को अपने मतदान दलों के साथ मतदान केन्द्रों में पहुंचने की रिपोर्ट भेजने के निर्देश भी दिये। मतदान दलों के लिए विधानसभावार अलग-अलग पार्किंग स्थलों पर बसें तथा चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गयी थी। पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ मतदान दलों ने मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान किया। महिला संचालित बूथ में तैनात मतदान दल की सभी महिला कर्मचारियों ने भी निर्धारित स्थलों से मतदान सामग्री प्राप्त करके अपने बूथों के लिए प्रस्थान किया। सामग्री वितरण काउन्टर मे नियुक्ति आदेश,वितरित किये गये थैले में ग्रीन पेपर,सील,स्पेशल टैग,स्ट्रेप सील,एड्रेस टैग,बी.यू.एवं सी.यू.तथा पीठासीन अधिकारी की



डायरी प्रारूप 7'क', निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति,सुभिन्नक चिन्ह की सील,इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन,कन्ट्रोल यूनिट एवं बैलेट यूनिट और निविदत्त मतपत्रो के साथ मतदान दल के लिये सामग्री प्रारूप लिफाफे और अन्य सामग्री का थैला मतदान दलों तक पहुंचाकर वितरित किया गया। मतदान दल सामग्री प्राप्त कर निर्धारित वाहनो में बैठकर संबंधित मतदान केन्द्रों के लिये रवाना हुये।

### फूल-मालाओं से स्वागत कर गतंव्य के मतदान केन्द्रों की ओर विदा किया

सबसे पहले सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अमरपाटन आरती यादव ने अपनी विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों का फूल-मालाओं से स्वागत कर गतंव्य के मतदान केन्द्रों की ओर विदा किया।

मतदान दल अपने निर्धारित मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। कई मतदान केंद्र आदर्श मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान दलों के केंद्र पर पहुंचने पर फूलमाला पहुंचाकर स्वागत किया गया।

### मतदान समाप्ति बाद व्यंकट 1 में ही जमा होगी सामग्री

मतदान सपन्न होने के बाद शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना में ही ईव्हीएम तथा मतदान सामग्री जमा की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने बताया कि सामग्री वितरण तथा जमा करने के लिए तैनात कर्मचारी एवं रिजर्व कर्मचारी 26 अप्रैल को सामग्री जमा होने तक परिसर में ही रहेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को नियत समय पर उपस्थिति के निर्देश दिए हैं।

# मतदान के पहले मतदाताओं को रिझाने का काम जारी

**सतना।** शुक्रवार को सतना में नया सांसद चुनने के लिए वोट डाले जाएंगे। इसके पहले भाजपा, कांग्रेस, बसपा समेत अन्य दलों और गैर दलों के उम्मीदवारों ने मतदाताओं के सामने अपनी अपनी बातें रखीं और वायदे किए। आप जनता की बारी है कि वह अपना नया लोकसभा प्रतिनिधि कैसा चुनती है। इस बीच मतदाताओं को रिझाने का क्रम बदस्तूर जारी है। आपको बताने कि लोकसभा सीट में 19 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। भारतीय जनता पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार प्रमुख तौर पर मैदान में है। बहुत भारतीय जनता पार्टी ने चार बार लोकसभा का चुनाव जीत चुके गणेश सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है इसी प्रकार अखिल भारतीय कांग्रेस पार्टी ने विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा को लोकसभा चुनाव का उम्मीदवार बनाया है और मैहर के पूर्व भाजपा विधायक नारायण त्रिपाठी बहुजन समाज पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। टक्कर कांटे की मानी जा रही है और कहा जा रहा है कि

**सतना के नागरिक आज चुनेंगे अपने लोकसभा का प्रतिनिधि**

मुकाबला त्रिकोणी है। सतना लोकसभा क्षेत्र में सात विधानसभा हैं।जिसमें सतना,चित्रकूट,रामपुर बघेलान, नागौद,रैगांव,मैहर और अमरपाटन शामिल है। यहां पर 1950 मतदान केंद्र बनाए गए हैं और मतदाताओं की संख्या 17 लाख 7 हजार 549 है। जो 19 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। मतदाताओं में 8लाख 91हजार 307 पुरुषों और 8लाख 12हजार 187 महिला मतदाता,इनमे थर्ड जेंडर के भी 6 मतदाता शामिल हैं। जिले का जेंडर रेशियो 911.23 एवं ईपी रेशियो 64.15 है। जिले में पीडबलयूडी वोटर्स की संख्या 20हजार 632 और सर्विस वोटर्स की संख्या 3हजार 571 है,जबकि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाता 9हजार 518 हैं। सबसे अधिक 307 मतदान केंद्र और सर्वाधिक 2लाख 66हजार 497 मतदाता रामपुर बाघेलान क्षेत्र में हैं। जबकि सबसे कम 257 मतदान केंद्र और सबसे कम 2लाख 21हजार 42 मतदाता चित्रकूट विधानसभा क्षेत्र में हैं। एक अंदाज के मुताबिक सतना में 22 फीसद ब्राम्हण,10फीसद क्षत्रीय,30 फीसदी ओबीसी,15 फीसदी एससी, एसटी 13 फीसदी और 4 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। सतना लोकसभा सीट में जाति समीकरण पर नजर डालें तो भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी ओबीसी वर्ग से आते हैं। पटेल समाज के वोटर और कुशवाहा समाज के वोटर लगभग बराबर हैं। पिछले चुनाव की बात करें तो यह समाज अपने ही जाति के प्रत्याशियों को वोट देना पसंद करता है। वहीं दूसरे नंबर पर देखें तो ब्राह्मण सबसे ज्यादा हैं। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी नारायण त्रिपाठी ब्राह्मण समाज से आते हैं। उत्तर प्रदेश की सीमा से लगा हुआ यह क्षेत्र है यहां बीएसपी का भी अपना वोट बैंक है। यही वजह है कि सतना लोकसभा की इस सीट पर मामला त्रिकोणी हो चुका है।

# निर्भीक और निष्पक्ष होकर करें मतदानः जिला निर्वाचन अधिकारी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए सतना और मैहर जिले के सभी सात विधानसभा क्षेत्रों में 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके लिए 1950 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 17 लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए गये हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबाव मुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें। कलेक्टर ने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार के उपयोग की अपील की है।

### घर में वैवाहिक कार्यक्रम है तो बिना कतार में लगे मिलेगी वोटिंग की सुविधा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने 26 अप्रैल को विवाह मुहूर्त और मतदान दिवस को दृष्टिगत रखते हुए लोकसभा क्षेत्र के सर्भों मतदाताओं से अपना मतदान अवश्य करने की अपील की है। उन्होने कहा है कि जिन घरों में शादी-विवाह 26 अप्रैल को है। वह विवाह के कार्यक्रमों के बीच अपने मतदाता होने के कर्तव्य को नहीं भूले। थोड़ा समय निकालकर अपना मतदान अवश्य करें। जिला निर्वाचन द्वारा सभी मतदान केंद्रों में ऐसे मतदाताओं को विशेष सुविधा दी जा रही है। उन्हें बिना कतार में लगे शीघ्रता से मतदान कराया जाएगा।



# कलेक्टर और एसपी ने किया मतदान केंद्र का निरीक्षण

**सतना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये 26 अप्रैल को प्रातः 7 बजे से सायं 6 बजे तक मतदान किया जाना है। मतदान संपन्न कराने गुरुवार को जिला मुख्यालय से मतदान सामग्री लेकर मतदान दल निर्धारित मतदान केंद्रों के लिये वाहनों से रवाना हुये। मतदान केंद्रों में मतदान दल के सकुशल पहुंचने और मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने कलेक्टर अनुराग वर्मा और पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता ने कोठी के मतदान केंद्र क्रमांक 205, 207, 208, खाम्हा खूझा मतदान केंद्र क्रमांक 120 का भ्रमण किया। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुये मूलभूत सुविधाओं एवं कानून व्यवस्था के बारे में सेक्टर अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। मतदान दलों से बातचीत करते हुये मतदान दिवस पर पूरी गंभीरता और सक्रियता से दायित्व निर्वहन के निर्देश दिये। इसके अलावा हिरोंदी के मतदान केंद्र क्रमांक 112, 113, 114 का भी निरीक्षण किया। इस मौके पर सीएमओ कोठी पूजा द्विवेदी एवं पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

### मैहर जिले के अधिकारियों ने किया मतदान केंद्रों का भ्रमण

सतना संसदीय क्षेत्र में शामिल मैहर जिले के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने भी मतदान दिवस के पूर्व गुरुवार को




मतदान केंद्रों का भ्रमण कर पोलिंग पार्टियों के पहुंचने और मतदान केंद्रों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल ने अमदरा, पकरिया, झुकेही,सभागंज स्थित मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होने मतदान केंद्रों की सुरक्षा-व्यवस्था में तैनात पुलिस जवानों को 26 अप्रैल के दिन शांतिपूर्ण माहौल में कानून व्यवस्था बनाये रखते हुये मतदान प्रक्रिया निर्विघ्न संपन्न कराने के निर्देश दिये।

# खेत में बने घर में लगी आग, घर और फसल दोनों जलकर राख

**सतना।** अमरपाटन थाना क्षेत्र के ग्राम जहला में खेत में बने घर में गुरुवार को अचानक आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि फैलने फैलने उसने खत और घर दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में घर जलकर खाक हो गया। बताया जाता है कि घर के भीतर शादी का पूरा सामान रखा हुआ था। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की गाड़ियां बुलाई गई गांव के लोगों ने भी प्रयास किया लेकिन हवा के कारण आग फैलती गई।



### दमकल का पानी हुआ खत्म

मैहर की दमकल वाहन आग से घिर गई वाहन में पानी खत्म हो गया। दमकल वाहन चालक ने अमरपाटन और केजेएस फैक्ट्री से मदद की गुहार लगाई। बताया जाता है की आग की तेज लपटों के कारण दमकल गाड़ी चारों तरफ से घिर गई थी। दमकल वाहन के चालक जान बचाने के लिए वाहन के अंदर दुबक कर बैठे गए थे। मौके पर एक और दमकल पहुंची तब कहीं जाकर आग पर काबू पाया गया। उधर मांद में भी शार्ट सर्किट से ट्रेक्टर ट्राली में आग लग गई। जिसे भारी मशक्कत के बाद बुझाया जा सका। इस घटना में भी भारी नुकसान हुआ है।

### ट्रैक्टर में लदी फसल जलकर हुई स्वाहा

इसी प्रकार अमरपाटन ग्राम छैरहा में खड़े ट्रेक्टर ट्रॉली में लदी लाखो रुपये की कटी फसल जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि आसपास मौजुद किसानों ने आग पर काबू पाया। पर ट्राली में रखी किसान फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। सूत्र को मुताबिक किसान राम कलेस पटेल की फसल में बिजलीं का शार्ट सर्किट होने के चलते ट्राली में आग लगी थी।

# तेज रफ़्तार ऑटो अनियंत्रित होकर पलटा, दो लोग घायल



**सतना।** चित्रकूट मार्ग में मझगवां थाना क्षेत्र के आरटीओ बैरियर के पास गुरुवार को तेज रफ्तार एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। इस घटना में ऑटो में सवार दो लोग घायल हो गए जिन्हें स्थानीय नागरिकों की मदद से पुलिस ने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां पर उनका इलाज किया गया। बताया जाता है कि ऑटो हिरौंदी से मझगवां जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### शिवांश राज चौधरी का सुयश



**पवई।** नॉलेज किंगडम पब्लिक स्कूल के छात्र शिवांश राज चौधरी ने कक्षा 8 वीं 91.6 % के साथ सफलता हासिल कर संस्था एवं परिवार का नाम रोशन किया है।

### नंदिनी का सुयश

**पन्ना।** जिले के इटवा कला हाल पन्ना निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी चंद्रभान गुप्ता श्रीमती वंदना गुप्ता की पुत्री एवं रामसेवक गुप्ता श्रीमती पूनम गुप्ता की नातिन कुमारी नंदिनी गुप्ता ने कक्षा 12 गणित समूह में 500 अंकों में से 459 अंक प्राप्त करके सभी विषयों में विशेष योग्यता प्राप्त की है। 91.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं।कुमारी नंदिनी गुप्ता पन्ना शहर के रॉयल पब्लिक स्कूल की छात्रा है। नंदनी गुप्ता ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता एवं गुरुजनों को दिया है। नंदिनी गुप्ता की इस सफलता पर एलआईसी परिवार एवं नगर के गण नागरिकों व्यापारी वर्ग ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नंदनी गुप्ता के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### नेन्सी मिश्रा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया



**पन्ना।** हाई स्कूल (दसवीं बोर्ड)के परिणाम में नैंसी मिश्रा पिता रामकुमार मिश्रा निवासी बन्धौरा ने 500 में 483 अंक प्राप्त जिले की मेरिट सूची में द्वितीय स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का क्षेत्र का नाम रोशन किया। नैंसी मिश्रा ने अपनी पढाई ए आर एम हायर सेकेंडरी स्कूल नयागांव से की। नैंसी ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने पिता जी एवं विद्यालय के शिक्षकों को दिया। उनका उद्देश्य भविष्य में गणित समूह से अध्यन कर यूपीएससी की परीक्षा मैं सफल होना है। उनके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ढेर सारी शुभकामनाएं।

### महक ने अमानगंज का किया नाम रोशन



**अमानगंज।** प्रदेश के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम की घोषणा दिनांक 24 अप्रैल 2024 को की गई जिसमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज की कक्षा बारहवीं की छात्रा महक भरभूंजा पिता मुकेश भरभूंजा ने हायर सेकेंडरी वर्ष 2024 की परीक्षा में 92.4: अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय सहित नगर अमानगंज का नाम रोशन किया। अपनी असफलता के लिए छात्र ने अपने गुरुजनों और माता-पिता को श्रेय दिया। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की इस होनहार छात्र की सराहना विद्यालय के सभी शिक्षकों ने की और कहा की निश्चित रूप से यह भविष्य में सफलता की ओर लगातार अग्रसर रहेगी।

### अन्वी द्विवेदी का पन्ना जिले में प्रथम स्थान



**पन्ना।** देवेन्द्रनगर के रैनबो पब्लिक स्कूल की बायोलोजी संकाय की 12वी की छात्रा अन्वी द्विवेदी 500 में 480 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त किया है अन्वी द्विवेदी के पिता जगदीश द्विवेदी एवं माँ सुमि साशकीय शिक्षक है छात्रा की इस कामयाबी पर नगर वाशियो एवं विद्यालय परिवार ने शुभ कामनाएं प्रेषित की है वही अनवी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता को एवं अपने गुरुजनो को दिया है।

### वाहन चैकिंग की कार्यवाही की जाये

**दमोह।** आयोग के निर्देशानुसार द्वितीय चरण का मतदान 26 अप्रैल 2024 को संपन्न होना है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने कहा है कि मतदान प्रक्रिया के सुचारू एवं निर्विघ्न संपन्न कराने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र के एस.एस.टी./एफ.एस.टी. दल की सभी पारियों (प्रथम शिफ्ट प्रातः 08 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक, द्वितीय पारी अपरान्ह 03 बजे से रात्रि 11 बजे तक एवं तृतीय पारी रात्रि 11 बजे से प्रातः 08 बजे तक) का समय-समय पर भ्रमण कर वाहन चैकिंग की कार्यवाही की करें एवं फोटोग्राफ्स इलेक्शन

## मतदान दल कलेक्टर व एसपी की उपस्थिति में

# मतदान बूथों के लिए हुए रवाना

खजुराहो लोकसभा के 2293 मतदान केन्द्रों में 1997483 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग आज 26 अप्रैल को करने जा रहे है। मतदाता जागरूकता अभियान भी स्वीप प्लान के नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संघप्रिय के मार्गदर्शन निर्देशन में बाखूबी चलाया गया।







**पन्ना।** वहीं अब देखने में यह जरूर आयेगे कि इस बार लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता कितने उत्साह से मतदान करने में निभायेगें भागीदारी। यह चुनाव अपने आप में जहां खजुराहो लोकसभा को लेकर आरंभ से ही अलग अंदाज में सामने आ गया। प्रमुख विपक्षी दल चुनाव के पहले ही धरासाही हो गये। वहीं निर्दली व बसपा प्रत्याशी जरूर अपनी किस्मत अजमा रहे है। साथ ही भाजपा प्रत्याशी बी.डी. शर्मा खजुराहो लोकसभा से दूसरी पारी को लेकर जहां चुनाव मैदान में है। साथ ही भीषण गर्मी के हालात सामने है मतदान केन्द्रों में प्रशासन के द्वारा कितनी व्यवस्था की गई है यह भी सामने आयेगा। साथ ही मतदान को लेकर मतदाता इस चुनाव में कितनी भागीदारी निभायेगें मतदान करने को लेकर यह आंकड़ा भी सामने आयेगा। वैसे आम जनता में इस चुनाव को लेकर कोई उत्साह नजर नहीं आ रहा। क्योंकि चुनावी समर में प्रतिद्वंदी के रूप में मुकाबला ही जब न हो तो चुनाव कैसा। पर प्रशासन की मजबूरी है चुनाव जरूरी है। जो होने जा रहा है। वहीं चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर मतदान दल स्पेशल वाहनों ने बस द्वारा अपने-अपने पोलिंग बूथों के लिए रवाना कर दिये गये है वहीं मतदान केन्द्रों में चुनाव कराने को लेकर अपनी तैयारी को लेकर अंजाम दे रहे है।



## किशोर न्याय बोर्ड परिसर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**पन्ना।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में आज किशोर न्याय बोर्ड परिसर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला न्यायाधीश श्री बंशकार द्वारा बच्चों के अधिकारों की जानकारी प्रदान कर भविष्य में दोबारा अपराध नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ ही शिक्षा का अधिकार, अपराध से होने वाले मानसिक, आर्थिक व सामाजिक दुष्परिणामों के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देकर बालकों को आपराधिक मनोवृत्ति का त्याग करने के लिए प्रेरित किया गया। प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड प्रीतम शाह ने उपस्थित बालकों व अभिभावकों को किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधानों और बोर्ड की भूमिका व प्रक्रिया के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकरी दी। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने निःशुल्क विधिक सहायता, प्रकरणों में पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने संबंधी अधिकार के बारे में बताया और नालसा-सालसा द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान की। शिविर में चीफ डिफेंस काउंसिल आनंद त्रिपाठी ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की कार्यवाही के बारे में अवगत कराया।

## दो सौ मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित किये जा सकेंगे उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथ

**पन्ना।** लोकसभा चुनाव के तहत मतदान के दिन मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए उम्मीदवारों को अपने निर्वाचन बूथ मतदान केन्द्रों के 200 मीटर के दायरे के बाहर ही स्थापित करने की अनुमति होगी। इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अपने निर्देशों में स्पष्ट किया है कि मतदान दिवस पर उम्मीदवार अपने एजेन्टों और कार्यकर्ताओं के लिए मतदान केन्द्र से 200 मीटर की दूरी के बाहर मतदाताओं को गैर सरकारी पहचान पर्चियां बांटने के लिए एक छतरी अथवा त्रिपाल के नीचे केवल एक मेज तथा दो कुर्सी रख सकते हैं ताकि वे अपना सिर धूप या वर्षा से बचा सकें। ऐसी मेज के आसपास भीड़ इकट्ठी नहीं होगी। आयोग ने मतदान के दिन कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के मद्देनजर उम्मीदवारों के निर्वाचन बूथों की स्थापना के लिए दिशा-निर्देश भी दिये हैं। इन दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि मतदान केन्द्र के 200 मीटर के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जायेगा। एक ही परिसर में एक से अधिक मतदान केन्द्र होने की स्थिति में भी ऐसे परिसरों से 200 मीटर की दूरी पर मतदान केन्द्रों के लिए एक उम्मीदवार का एक ही बूथ बनाया जायेगा। निर्वाचन आयोग के मुताबिक ऐसे बूथों पर केवल दो कुर्सियों और एक मेज ही रखी जायेगी। ऐसे बूथों पर कनात नहीं लगाई जा सकेगी। केवल धूप या वर्षा से बचने के लिए एक छतरी या त्रिपाल का टुकड़ा लगाया जा सकेगा। आयोग ने कहा है कि गैर सरकारी मतदाता पहचान पर्चियां बांटने के लिए ऐसे बूथ बनवाने की इच्छा रखने वाले प्रत्येक अभ्यर्थी को लिखित रूप में रिटर्निंग आफीसर को उन मतदान केन्द्रों के नाम और क्रम संख्या बतानी होगी जहां बूथ स्थापित करवाये जाने हैं। आयोग ने यह भी स्पष्ट किया है कि निर्वाचन बूथ स्थापित करवाने से पहले उम्मीदवार को स्थानीय कानून के अधीन भूमि के उपयोग के लिए सरकारी प्राधिकरणों अथवा नगर निगमों, नगर पालिकाओं, जिला परिषदों, शहरी क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों आदि की लिखित अनुमति भी लेनी होगी। बूथ प्रबंधकों को मांगे जाने पर इस प्रकार की लिखित अनुमति पुलिस अथवा निर्वाचन प्राधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत भी करनी होगी। उम्मीदवारों द्वारा इन निर्वाचन बूथों का इस्तेमाल केवल गैर सरकारी पहचान पर्चियां जारी करने के एकमात्र प्रयोजन के लिए किया जा सकेगा। ये गैर सरकारी पहचान पर्चियां भी केवल आयोग के आदेशानुसार ही मुद्रित कराई जायेंगी, जिन पर अभ्यर्थी का नाम या प्रतीक अथवा राजनैतिक दल का नाम नहीं होना चाहिए।

निर्वाचन आयोग ने कहा है कि किसी भी स्थिति में ऐसे बूथों पर भीड़ इकट्ठी होने की अनुमति नहीं होने दी जायेगी। न ही ऐसे व्यक्ति को आने की अनुमति दी जायेगी जो पहले ही मतदान कर चुका हो। आयोग ने यह भी कहा है कि बूथों पर बैठे व्यक्ति मतदान केन्द्रों पर जाने वाले मतदाताओं के रास्ते में किसी तरह की रूकावट नहीं डालेंगे अथवा दूसरे उम्मीदवारों के बूथों पर जाने से उन्हें नहीं रोकेंगे। मतदाताओं को स्वयं उनकी इच्छानुसार मताधिकार का प्रयोग करने में किसी प्रकार रूकावट भी निर्वाचन बूथों में बैठे कार्यकर्ता नहीं डाल सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इन निर्देशों का उल्लंघन अत्यधिक गंभीरता से लिया जायेगा और ऐसे उल्लंघनों के लिए जिम्मेदार अभ्यर्थी और उनके अभिकर्ताओं के विरूद्ध कानून के अधीन कड़ी कार्रवाई की जायेगी तथा बूथों को हटा दिया जायेगा। आयोग ने चुनावी व्यवस्था में लगे शासकीय अधिकारियों को भी चेतावनी दी है कि यदि वे आयोग के निर्देशों का उल्लंघन पाये जाने पर तत्काल कार्रवाई करने में असफल रहते हैं तो इनके खिलाफ भी दाण्डिक कार्रवाई की जायेगी और उन्हें अनुशासनिक कार्रवाई का भागी भी बनना होगा।

## जिले में शिक्षा की दिशा भावी भविष्य के निर्माण को लेकर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की दूरगामी सोच के चलते बेहतर परिणाम सामने आये




**पन्ना।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्था हो या फिर संलग्नीकरण तथा समय पर विद्यालय खोलने से लेकर शिक्षकों के द्वारा उपस्थिति को लेकर जिस तरह से समूचे जिले में शिक्षा के बेहतरी के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संघप्रिय ने दूरगामी सोच के चलते प्रशासनिक कार्यप्रणाली को जमीनी रूप पर लागू करने के लिए जो तत्परता से प्रयास किये वहीं आपके द्वारा हाईस्कूल व हायर सेकेण्डरी प्राचार्यों की बैठक लेते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को लेकर ध्यान दिया। वहीं हाईस्कूल तथा हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम को लेकर सुधार की दिशा तय करने के लिए सभी प्राचार्यों व शिक्षकगणों के लिए जोर दिया था शिक्षक भी विद्यालयों में जहां इस कार्यप्रणाली से छात्र-छात्राओं को शिक्षा प्रदान करने के लिए मनहा स्थिति के साथ आगे आये जिसका परिणाम आज हायर सेकेण्डरी व हाईस्कूल परीक्षा परिणाम में जिले की शैक्षणिक कार्यप्रणाली जो सामने आई वह परिणाम ही बयां कर रहे है। जिस तरह से प्रदेश में हाईस्कूल परीक्षा परिणाम की बात करें तो 20वें स्थान पर जिला जाना गया वहीं हायर सेकेण्डरी में 31वें स्थान पर 63.09 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के साथ देखने को मिला। जो परीक्षा परिणाम पिछले वर्ष हायर सेकेण्डरी का 48.36 प्रतिशत था निश्चित ही यह प्रयास आज हमें परिणाम के रूप में सबकी मेहनत के साथ-साथ दूरगामी सोच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के मार्गदर्शन में जिले का हायर सेकेण्डरी हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम जो भावी भविष्य के निर्माण को लेकर दिशा तय हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के प्रयास कारगर साबित।

## छात्र नंदकिशोर पटेल के घर पहुंचकर गुनौर विधायक ने दी बधाई



**पन्ना।** जिले के गुनौर विधानसभा के युवा तेजतर्रार विधायक डॉ. राजेश वर्मा सभी वर्गों का ख्याल जहां सुख-दुख में तो रखते ही है वहीं छात्र नंदकिशोर पटेल पिता श्रीबृजकिशोर पटेल के घर पहुंचकर उसके उज्जवल भविष्य को शुभकामनायें व बधाई देने पहुंच गये। गौरतलब बात यह है कि छात्र नंदकिशोर पटेल ने एमपी बोर्ड परीक्षा में जहां सातवां स्थान प्राप्त किया है। विधायक राजेश वर्मा जो भावी भविष्य के निर्माण को लेकर भी उनके हौसला अफजाई को लेकर जिस तरह से आगे आये वह उनकी कार्यप्रणाली व दूरगामी सोच को लेकर माने जा रहे हैं। छात्र ही हमारे देश का भविष्य है इनके भविष्य को संवारने के लिए माता-पिता गुरूजनों के साथ-साथ अगर ऐसे जनप्रतिनिधि भी सहयोग व उनके हौसला को आगे बढ़ाते है तो निश्चित ही हमारे जिले के छात्र जैसा जिले का नाम पन्ना जो हीरे की चमक को लेकर दुनिया में जाना जाता है इसी तरह हमारे छात्र ही अपनी योग्यता से अपनी मुकाम को लेकर हांसिल करते हुए जिले के साथ-साथ प्रदेश व देश में चमक विखेरेगें।

## 1168 दिये जलाकर मनाया चुनाव का पर्व देश का गर्व

**दमोह।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार स्वीप गतिविधियों के तहत जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, इसी के तहत 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में निर्वाचन के लिये भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री संबाशिवा के साथ कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने स्थानीय बेलाताल में दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान 1168 मतदान केन्द्रों के प्रतीक स्वरूप 1168 दिये प्रज्जवलित कर चुनाव का पर्व देश का गर्व मनाया गया और 26 अप्रैल को आपका मत आपकी आवाज को बुलंद करते हुये मतदान करने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारीअर्पित वर्मा, एसडीएम आरएल बागरी, सहायक नोडल अधिकारी स्वीप केपी अहिरवाल



सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, महाविद्यालय के प्राध्यापक गण, महिलायें,मीडियाजन मौजूद थे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा 26 अप्रैल को 07-दमोह संसदीय क्षेत्र में मतदान है, मतदान का समय बहुत करीब आ गया है और इस समय में हमारी मतदाता जागरूकता गतिविधियां भी एकदम चरम पर है। इसी सिलसिले में आज सुबह हमने मानव श्रृंखला का निर्माण किया जो की एक सफल एक्टिविटी रही और आज शाम को बेलाताल में दीप प्रज्वलन के माध्यम से आओ गर्व से मतदान करें एक संदेश देने का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा मतदान नई आशाओं का दीप है और शहर के नागरिक, शहर के गणमान्य लोग यहां पर आए, सभी ने यहां पर मिलकर 1168 दिए जलाए हैं जो की 1168 मतदान केंद्रों का प्रतीक है। दीप के माध्यम से 26 अप्रैल 2024 और स्वीप लिखा गया है और यह एक तरीका है संदेश देने का लोगों को की सभी लोग, एक बार फिर हम सभी से आग्रह कर रहे हैं कि आपका मत आपकी आवाज है, मतदान करने के लिए आगे आए। 26 अप्रैल को कोई ना भूले, कोई न छूटे सभी लोग मतदान करें, चुनाव का पर्व देश का गर्व है, यही हमारा सभी से आग्रह है। इस अवसर पर रोटरी क्लब, लायनेस क्लब, लायंस क्लब, गायत्री परिवार, जिलाअधिवक्ता संघ, एवं अन्य सामाजिक संगठनों तथा शासकीय कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने की निर्भय होकर मतदान करने की अपील

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार ने जिले के सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सहभागिता करते हुए लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत द्वितीय चरण में खजुराहो संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदान में मताधिकार का उपयोग करने का आह्वान किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाता 26 अप्रैल को अपने मतदान केन्द्र पर पहुंचकर निर्भय होकर मतदान कर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। मतदाताओं की सक्रिय सहभागिता से ही लोकतंत्र परिष्कृत और समृद्ध बनता है। मतदान से लोकतांत्रिक परंपरा को अधिक समृद्ध बनाने, संवैधानिक कर्त्तव्य निभाने का एक और अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि मतदान के दौरान सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किए गए हैं। सक्षम एप से दिव्यांग मतदाता अपने लिए व्हील चेयर या अन्य जरूरी सहायक उपकरण के लिये अनुरोध कर सकते हैं।

### 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे शाम 6 बजे तक होगा मतदान




लोकसभा निर्वाचन-2024 के द्वितीय चरण में खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र में शुक्रवार, 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान के लिए लोकसभा क्षेत्र में 2293 एवं जिले में 901 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं।

मतदान का समय सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक निर्धारित है। मतदान कराने के लिए सभी मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्रों की ओर रवाना हो गए हैं।

मतदाताओं की सुविधा के लिए मतदान दिवस, 26 अप्रैल को सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश रहेगा। मतदान के दिन भारत निर्वाचन आयोग के वोटर टर्न आउट एप और मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, मध्यप्रदेश की वेबसाइट पर मतदान प्रतिशत की जानकारी उपलब्ध रहेगी।

इसके माध्यम से नागरिक हर दो घंटे में दर्ज हुए मतदान प्रतिशत के बारे में जानकारी ले सकेंगे। वोटर टर्न आउट एप नागरिकों को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर डाउनलोड करना होगा।

**खबर संक्षेप**

## बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 19 नए गाइडों की हुई भर्ती



**मानपुर।** बांधवगढ़ गाइड एसोसिएशन के अध्यक्ष ने आईडी कार्ड प्रदान कर सभी नए गाइडों का स्वागत किया। अपने बाघों को लेकर पूरी दुनिया भर में मशहूर बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में नए गाइडों की आमद हुई है। इस अवसर पर गाइड एसोसिएशन द्वारा उनका स्वागत किया गया एवं बांधवगढ़ टाइगर रिज़र्व गाइड यूनियन के अध्यक्ष राजेश द्विवेदी ने नव नियुक्त 19 गाइडों को आज उनके परिचय पत्र का वितरण कर उन्हें कर्तव्य पथ पर सफलता हेतु शुभकामनाएं दी तथा वन और वन्य जीवों के प्रति जागरूक रहने की नसीहत देते हुए संपूर्ण निष्ठा से अपने दायित्व का निर्वहन करने और उज्जवल भविष्य की कामनाएं की। इस दौरान मकरध्वज यादव, पीतांबर यादव, मिथलेश साहू, कुंवर सिंह, सोमेंलाल सिंह, अंजनी कुमार कुशवाहा, तेजभान तिवारी समेत अन्य नवनियुक्त गाइड उपस्थित रहे।

## प्रतिबन्ध के बाद भी बोर कर रही मशीन को किया जप्त

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन द्वारा जिले में नलकूप खनन पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसके बावजूद ग्राम कोटरी के खेरवा हार में रात्रि में बोरिंग उत्खनन का कार्य किया जा रहा था सूचना प्राप्त होते ही राजस्व विभाग की टीम एवं मुकेश मसकोले पुलिस विभाग के संयुक्त दल द्वारा तत्काल घेराबंदी कर विजय पिता नत्थू पटेल कोटरी के खेत खेरवा हार में बोरिंग कर रहे मशीन को पकड़ कर कार्यवाही करते हुए बोरिंग का कार्य बंद कराया गया एवं बोरिंग मशीन संयुक्त दल द्वारा जप्त किया जाकर इंदवार थाने में लॉकर सुरक्षित खड़ा करवाया गया है नियम अनुसार कार्यवाही की जा रही है ।

## आधार कैम्प के पूर्व में हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध करायें : कलेक्टर

**उमरिया।** कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि शासन की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं में आधार महत्वपूर्ण घटक है। आधार के नवीन पंजीयन तथा आधार मे नवीनतम जानकारी अद्यतन किये जाने हेतु ग्राम -पंचायत स्तर पर आधार कैम्प आयोजित किए जाएगे । उन्होने मैदानी अमले सीएचओ, पटवारी, ग्राम सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, आशा, एएनएम, आंगनबाडी कार्यकर्ता, शिक्षक से कहा है कि अपने क्षेत्र के ऐसे हितग्राही जिनका आधार सुधार का कार्य किया जाना है, जिसमें जरूरी दस्तावेज तैयार कर आधार पंजीयन, अपडेट करवाने एवं व्यापक प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

## 10वीं में 55.39 और 12वीं में 58.03 प्रतिशत रहा जिले का परिणाम

**शहडोल।** कक्षा 10वीं और 12वीं का परिणाम बुधवार को घोषित हुआ। इस बार शहडोल जिला प्रदेश की मेरिट लिस्ट से बाहर हो गया है। जिले की मैरिट में प्राइवेट स्कूलों के बच्चों ने सबसे ज्यादा बाजी मारी। जिला मुख्यालय के अजाक कन्या स्कूल घरौला, उत्कृष्ट रघुराज व रघुराज स्कूल क्रमांक एक के साथ-साथ शासकीय स्कूल अमलाई ने जिले की मैरिट में अपना नाम दर्ज करा लिया है। इस बार कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 55.39 प्रतिशत रहा है जबकि पिछले साल 68.92 प्रतिशत था इस तरह से दसवीं का रिजल्ट नीचे आया है। दसवीं की जिले की मैरिट सूची में इनके नाम बोर्ड परीक्षा की 10वीं कक्षा की जिले की मैरिट सूची में आयुष केवट पिता सूरज बली केवट सरस्वती स्कूल बुढार, रिषभ पांडेय पिता राजेश कुमार पांडेय भारतीयम स्कूल ब्यौहारी तथा शिवांशी पांडेय पुत्री नरेंद्र पांडेय सतगुरू पब्लिक स्कूल शहडोल का नाम है।

**छोटा हाथी, ई रिक्शा और आपे वाले दोगुना से तीनगुना तक वसूल रहे किराया**

# मतदान और वैवाहिक सीजन के चलते बसें न आने से यात्रियों को हो रही परेशानी

### परेशानी..बस स्टैण्ड पर यात्री दिनभर होते रहे परेशान, किसी ने यात्रा रद्द की, कोई दोगुना किराया देकर पहुंचा गंतव्य पर

**नौगांव।** आज 26 अप्रैल को होने वाले मतदान और शादी सीजन होने के चलते यात्री बसें कम होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मतदान में बसों के अधिग्रहण और बची खुची बसें शादी में जाने के कारण पिछले दो तीन दिनों से आमजन को परिवहन के लिए परेशान होना पड़ रहा है। जिसके चलते बस स्टैंड से हरपालपुर, छतरपुर के लिए नाम मात्र की बसें सहित इक्का दुक्का अथवा उत्तर प्रदेश रोडवेज की बसें ही चल रही हैं।

छतरपुर एवं टीकमगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव के तहत आज 26 अप्रैल को मतदान होना है। इसी दिन विवाह के सबसे ज्यादा मुहूर्त हैं। ऐसे में अधिकांश वाहन बसें या तो वैवाहिक कार्यक्रमों में बुक हो चुकी है तो कई बसों को चुनाव आयोग ने अधिग्रहण कर लिया है। यही वजह है कि बस स्टैण्ड पर रोजाना चलने वाली बसें नहीं पहुंच रही हैं, जिसके कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को बस स्टैण्ड और हाईवे पर यात्री दिनभर परेशान होते हुए देखे गए। यात्री राजेंद्र कुमार ने बताया कि उसे महोबा जाना था, लेकिन सुबह से कोई बस नहीं मिली है। उत्तर प्रदेश रोडवेज की एक दो बस निकली तो उनमें पैर रखने की भी जगह नहीं थी इसलिए नहीं बैठे। मजबूरन उन्हें यात्रा कैंसिल करना पड़ रही है। ऐसे ही परिवार सहित शादी में जाने के लिए बस स्टैंड पर तैयार बैठे कृष्ण कुमार पाल ने बताया कि उन्हें झांसी में शादी में जाना है बस नहीं मिल रही है तो वहीं प्राइवेट कार भी किराए पर लेने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन वह भी खाली नहीं एम रही है ,इसलिए यदि शाम तक साधन नहीं मिलता तो मजबूरी में प्लान कैंसिल करना पड़ेगा। ऐसे एक दो नहीं बल्कि अनेक यात्रियों ने या तो यात्रा कैंसिल कर दी या फिर दो गुना किराया देकर अन्य वाहनों से अपने गंतव्य तक पहुंचे।

### 52 सीट की क्षमता बाली बस में 80 यात्री सवार -

शहर के बस स्टैण्ड और हाईवे पर स्थिति को जाना तो कुछ बसों में 52 सीटर बसों में 80 से 85 सवारी सवार दिखाई दीं। आधे से ज्यादा सवारी खड़ी होकर यात्रा करते मिलीं। चालक भी यात्रियों की जान से खिलवाड़ कर यात्रा करवा रहे हैं तो यात्रियों को भी अपनी जान की चिंता नहीं है। ऐसे में जहां ड्रायवर की नींद पूरी नहीं होने पर घटना दुर्घटना होने का डर सताता है तो वहीं वाहनों की आवाजाही ज्यादा होने से भी अनहोनी की आशंका बनी रहती है। कई यात्रियों ने बताया कि बसों में भीड़ होने के कारण बैठ नहीं पा रहे हैं।

### किराए के वाहन भी नहीं मिल रहे -

दौरिया के रमेश कुशवाहा को अपने परिजन का इलाज कराने के लिए ग्वालियर जाना है, बसें मिल नहीं रही और जो मिल रही हैं उनमें पैर रखने की भी जगह नहीं है तो ऐसे में मरीज को बस में के जाना मुश्किल है। फोर व्हीलर वाहन चुनाव आयोग ने अधिग्रहण कर लिए हैं। इस कारण उपचार कराने जाने में देरी हो रही है। वाहन नहीं मिलने के कारण उपचार के लिए नहीं जा पा रहे है । चंदौरा के जुम्मन खान ने बताया कि जबलपुर जाना है,लेकिन बस, और चार पहिया वाहन नहीं मिल रहे हैं और जो चल रहे हैं उनमें जरूरत से ज्यादा भीड़ थी, इसलिए दो पहिया वाहन से जाना भी उचित नहीं समझा। वैवाहिक सीजन और चुनाव दोनों साथ होने के चलते पेट्रोल डीजल की सामान्य दिनों की अपेक्षा दो गुनी बढ़ी है। ऐसे में पंप मालिक भी पूर्ति करने में परेशान हो रहे हैं। हालांकि पंप मालिक समय से पहले आर्डर लगाकर पेट्रोल डीजल मंगवा रहे हैं ताकि आमजनों को परेशानियों का सामना न करना पड़े।

### कर्मचारियों को चेकिंग पाइंट भेजने हमें भी वाहन मिलने में हो रही परेशानी -

पुलिस कर्मी ने बताया कि हमें भी वाहन नहीं मिल रहे हैं। क्योंकि कर्मचारियों को भी चेकिंग पाइंट से लेकर बूथ तक भेजना है। चुनाव की तारीख के दिन ही वैवाहिक कार्यक्रम ज्यादा है इसलिए परेशानी आ रही है।

## जिले का जवान लद्दाख में शहीद, गृहग्राम में आज होगा अंतिम संस्कार



**छतरपुर।** जिले के बछौन के सूरजपुर ग्राम के रहने वाले शालिगराम यादव उम्र 24 वर्ष वर्तमान में थल सेना में जाट रेजीमेंट में पदस्थ थे। अभी एक माह पहले की शालिगराम गृहग्राम से ड्यूटी के लिए लेह लद्दाख गए थे। अभी तक इनकी लद्दाख में नीचे की तरफ ड्यूटी चल रही थी लेकिन अब उनकी ड्यूटी लद्दाख के ऊपरी सतह पर हो गई थी जिसके लिए वे अपना सामान लेकर ट्रक से जा रहे थे तभी ट्रक खाई में गिर गया जिससे उनकी 18 अप्रैल को मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार सेना के जवान शालिगराम यादव के पिता मंती उर्फ माथुर यादव की मौत दो वर्ष पहले हो गई थी। शालिगराम के दो और भाई हैं जिनमें संतू यादव किसान हैं वहीं दूसरा भाई अतिथि शिक्षक है। शालिगराम की दो साल पहले ही शादी हुई थी और इनका एक 7 माह का बच्चा भी है। शालिगराम एक माह पहले गृहग्राम से ड्यूटी के लिए लद्दाख रवाना हुए थे जहां वे आर्मी के ट्रक से सामान ऊपरी सतह पर शिफ्ट करने के लिए जा रहे थे तभी उनका ट्रक खाई में गिर गया जिससे उनकी मौत हो गई। शालिगराम की मौत की सूचना उनके परिवार को 23 अप्रैल को दी गई। गुरूवार को शालिगराम का शव लद्दाख से विमान द्वारा ग्वालियर लाया गया जहां 26 अप्रैल को उनके गृहग्राम में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

# अवैध शराब एवं अवैध हथियारों सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**छतरपुर।** अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर कार्यवाही करने पुलिस अधीक्षक अगम जैन द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है। इसी क्रम में निरी. अरविंद कुमार कुजूर थाना प्रभारी कोतवाली के द्वारा गठित कोतवाली पुलिस टीम ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर ग्रामीण बैंक के पास विश्वनाथ कालोनी में आरोपी नफीस नट पिता ग्यासी नट, उम्र 32 वर्ष निवासी बजाज एजेंसी के पास नौगाव रोड छतरपुर के कब्जे से अवैध रूप से विक्री हेतु रखे हुये 07 पेटी प्रिंस लेमन कंपनी की देशी शराब कीमत 28 हजार रूपये की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली छतरपुर में धारा-34(2) आबकारी अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

कोतवाली पुलिस टीम ने बीट भ्रमण के दौरान बुधवार को मुखबिर की सूचना पर पशु अस्पताल के पास दबिश देकर आरोपी अभिषेक उर्फ पूते अनुरागी पिता राकेश अनुरागी, उम्र 19 वर्ष, निवासी मुक्तिधाम के पीछे महोबा रोड छतरपुर के कब्जे से अवैध रूप से लिये हुये पाये जाने पर एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं एक 315 बोर का जिंदा कारतूस कीमत करीबन 5200/- रूपये के जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली छतरपुर में धारा-25/27 आयुध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

इसी प्रकार टौरिया मोहल्ला छतरपुर में पानी की टंकी के पास आरोपी नदीम उर्फ नद्दू अँसारी पिता इमामी अंसारी, उम्र 30 वर्ष, निवासी टौरिया मोहल्ला छतरपुर को अपराध करने की नियत से लोहे का धारदार फरसा लिये हुये घूंमते पाये जाने पर आरोपी के कब्जे से फरसा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर थाना कोतवाली छतरपुर में धारा-25(1-बी)(बी) आयुध अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध किया गया।

**पूर्ण उत्साह से चुनाव सम्पन्न कराने रवाना हुए मतदान दल**

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण केन्द्र का निरीक्षण कर मतदान दलों को शुभकामनाएं दीं

**छतरपुर।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 अंतर्गत छतरपुर जिले में दूसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। गुरुवार को जिले की समस्त विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान दलों को सामग्री का वितरण हुआ और सामग्री को मिलान कर क्रमानुसार चुनाव सम्पन्न कराने पूर्ण उत्साह से अपने अपने मतदान केन्द्र के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना हुईं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. एवं एसपी अगम जैन ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक 1 छतरपुर में बनाए गए सामग्री वितरण केन्द्र का निरीक्षण किया और मतदान दलों से चर्चा की और उन्हें शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से मतदान सम्पन्न कराने की शुभकामनाएं दी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान दलों के सदस्यों से उनका हाल चाल पूछा एवं किसी तरह की समस्या तो नहीं आदि की जानकारी ली। उन्होंने मतदान दलों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं व्यवस्थाओं का



निरीक्षण किया। जिसमें पेयजल, कूलर, पंखा, छायादार टेंट, केंटीन, हेल्प डेस्क, एम्बुलेंस सहित मेडिकल सुविधा इत्यादि शामिल हैं।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने अधिकारियों को निर्देशित किया की किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने पार्किंग सहित ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के निर्देश दिए। साथ ही सुरक्षा में तैनात पुलिस बल को पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिए निर्देशित किया। सामग्री वितरण के लिए विधानसभा स्तर पर 16-16 काउण्टर बनाएं गए है। मतदान दलों की सुविधा के दृष्टिगत विधानसभा स्तर पर कलर कोड निर्धारित किए गए हैं। जिसमें विधानसभाओं में जाने वाले मतदान दलों से संबंधित बैनर इत्यादि चीजें एक कलर की देखने को मिली।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनैतिक दलों के सदस्यों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम खोले गए

जिले की विधानसभाओं के लिए ईवीएम एवं वीवीपीएटी वितरण के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. एवं राजनैतिक दलों के सदस्यों की उपस्थिति में स्ट्रॉन्ग रूम खोले गए। विधानसभा क्षेत्र चंदला, बिजावर व मलहरा की सामग्री के वितरण के लिए सुबह 7 बजे स्ट्रांग रूम खोला गया और छतरपुर, राजनगर व महाराजपुर की सामग्री वितरण के लिए सुबह 9 बजे स्ट्रॉन्ग रूम खोले गए।

## एक जून से बच्चों के लिए आयोजित होगा बालरंग शिविर

**छतरपुर।** शहर में विगत 18 सालों से गर्मियों की छुट्टी में बच्चों के लिए लगने वाला शिविर एक जून से गांधी आश्रम में आयोजित किया जाएगा। हर वर्ष की तरह इस बार भी विभिन्न कलाओं के माध्यम से बच्चों की मौलिक प्रतिभाओं को निखारने और उजागर करने का काम इस शिविर के माध्यम से किया जाएगा।गांधी स्मारक निधि छतरपुर और शंखनाद नाट्य मंच के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस एक महीने के शिविर में बच्चों को अभिनय,संगीत, आर्ट एंड क्राफ्ट, डांसिंग सहित विभिन्न कलाओं के माध्यम से उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। गांधी आश्रम की सचिव दमयंती पाणी ने बताया कि पांच वर्ष से लेकर 17 वर्ष तक के किशोर इस शिविर में भाग लेते हैं और चार घंटे तक चलने वाले इस शिविर में योगाभ्यास ,पेंटिंग,आर्ट एंड क्राफ्ट,संगीत,नृत्य ,अभिनय सहित तमाम गतिविधियों के माध्यम से उनकी प्रतिभाओं को नए आयाम दिए जाते हैं। शंखनाद नाट्य मंच के सचिव सर्वेश खरे ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बार बच्चों को लेकर छोटी छोटी टेलीफिल्म बनाने का प्रस्ताव भी बैठक में रखा गया है जिसमे सभी ने अपनी सहमति प्रदान की है।गांधी आश्रम के प्राकृतिक परिसर में सुबह साढ़े छह बजे से इसकी शुरुवात होगी। शिविर के अंत में महीने भर की गतिविधियों की डॉक्यूमेंट्री भी प्रदर्शित की जाएगी और बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी होंगी। शिविर के लिए पंजीयन प्रारंभ हो चुके हैं बच्चे व उनके अभिभावक गांधी आश्रम के कार्यालय में संपर्क करके पंजीयन करवा सकते हैं।

## मध्यांचल बैंक में महिलाओं को मिली मृतक बीमा राशि



**राजनगर।** मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा राजनगर के मृतक खाता धारक स्व. रामप्रकाश रैकवार की मृत्यु ग्राम खजवा के किशवाहापुरवा में हुए एक हादसे के दौरान लिफ्ट के नीचे दबने से मृत्यु हो चुकी थी। मृत्यु पूर्व खाता धारक द्वारा शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना का बीमा करवाया गया था तथा डहर्रा ग्राम के अन्य खाता धारक स्व. रामनाथ रैकवार की भी मृत्यु बिजली का झटका लगने से हो गई थी। इसके द्वारा भी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा करवाया गया था। मध्यांचल ग्रामीण बैंक शाखा राजनगर के शाखा प्रबन्धक राजकुमार बिंझड़े द्वारा मृतक स्व. रामप्रकाश रैकवार खजवा के परिवार को 4 लाख रूपए बीमा राशि तथा स्व. रामनाथ रैकवार डहर्रा की पत्नि रामकली रैकवार को दो लाख रूपए की बीमा राशि प्रदान की गई।





**प्रथम जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

शुभेच्छु: अखिलेश रिछारिया, श्रीमती वंदना रिछारिया, अग्रिम रिछारिया, रामस्वरूप व्यास, श्रीमती चंदा व्यास, आशीष व्यास, अंकिता व्यास, आकाश दुबे, हिर्षता दुबे एवं समस्त रिछारिया परिवार।

# छतरपुर जिले में आज होगा मतदान

**छतरपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के लिये मतदाताओं को क्यूआर कोड वाली मतदाता सूचना पर्ची वितरित की गई है। क्यूआर कोड युक्त मतदाता सूचना पर्ची से मतदाता अपने मतदान केन्द्र का नाम, पता, क्रमांक, निर्वाचक नामावली में मतदाता क्रमांक राज्य और जिले का हेल्पलाइन नम्बर जैसी अन्य महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त कर सकेंगे। यदि किसी मतदाता के पास मतदाता सूचना पर्ची नहीं है और उसका नाम मतदाता सूची में दर्ज है, तो 13 दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकेंगे। छतरपुर जिले में 26 अप्रैल को सुबह 7 बजे से 6 बजे तक मतदान होगा।

# शादी का सीजन के चलते बाजार में हो रही भीड़

### दुकानों के बाहर अतिक्रमण सड़क पर वाहन पार्क होने से मुख्य बाजार में आए दिन लग रहा जाम

**नौगांव।** शहर के मुख्य बाजार में दुकानदारों के द्वारा दुकान के बाहर सड़क तक अतिक्रमण करने और सड़क पर ग्राहकों के वाहन पार्क होने से आए दिन जाम की स्थिति बन रही है, शादी ब्याह का सीजन होने के कारण बाजार में भीड़ हो रही है, जिसके चलते सड़क पर दो पहिया वाहन से निकलना तो दूर की बात पैदल निकलने में भी परेशानी हो रही है। लेकिन इसके बावजूद नपा और पुलिस प्रशासन के द्वारा जाम से निपटने में कोई रुचि नहीं दिखा रही है, जिस कारण से रहवासियों को जाम से दो चार होना पड़ रहा है।

### शहर के जवाहर रोड, सुभाष रोड, कल्याण दास चौराहा, पुरानी कोतवाली रोड, पीपल वाली रोड साथ

मुख्य बाजार में दुकानदारों द्वारा सड़क के दोनों ओर तक दुकानों का सामान रखकर अतिक्रमण किया गया है। जिससे मार्ग की चौड़ाई घटकर 8 से 10 फीट ही बची है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े एवं फुटपाथी दुकानदारों ने सड़कों तक दुकान का सामान जमा लिया है, जिससे सड़क संकरी हो गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बचती है। दुकानदार मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगाकर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं। जिस पर प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही नगर पालिका के जिम्मेदार अतिक्रमण हटा रहे हैं। वहीं बाजार में खरीदारी करने के लिए जाने वाले लोग भी दुकानों के सामने वाहन पार्क कर रहे हैं, सड़क पर वाहन पार्क होने से मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित होती है। जाम की स्थिति बनने से दो पहिया वाहन से तो दूर पैदल भी बमुश्किल से निकलना हो पाता है, शादी ब्याह का सीजन होने के चलते मार्ग पर एक दो बार नहीं बल्कि दिन में कई बार जाम की स्थिति



निर्मित हो रही है जिससे रहवासियों सहित मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### शादी के सीजन के कारण खरीदारी करने आ रहे लोग

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि शादी विवाह का सीजन चलने के कारण बाजार में हर दिन बड़ी संख्या में ग्रामीणजन खरीदारी करने के लिए आ रहे हैं। क्योंकि अप्रैल महीने के बाद 2 महीने तक शादी विवाह के लिए मुहूर्त नहीं हैं। जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में शादी विवाह हो रहे हैं। इसी के चलते बाजार में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है।

### इनका कहना है -

शहर में समय समय पर अतिक्रमण पर कार्रवाई होती है, इसके अलावा बाजार में जाम से बचाव के लिए अतिक्रमण विरोधी दस्ते को भेजकर दुकानदारों को समझाइश दी जाएगी, यदि इसके बाद भी व्यवस्था दुरुस्त नहीं होगी तो चालानी कार्रवाई की जाएगी। बाजार में पार्किंग के लिए गाड़ीखाना परिसर में मल्टी लेवल पार्किंग निर्माण का प्रस्ताव प्रकिया में है।

**नीतू सिंह**
सीएमओ,
नगर पालिका परिषद, नौगांव

# 9 वर्षीय बच्ची से रेप के बाद गला दबाकर हत्या घर के ही आंगन में पड़ी मिली बच्ची की लाश

रीवा

जिले मे 9 साल की मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या करने का मामला सामने आया है मानवता को शर्मशार करने वाला यह मामला जवा थाना क्षेत्र के सितलहा आदिवासी बस्ती का है। मासूम बालिका अपने भाई के साथ घर के आंगन में सो रही थी, तभी देर रात अज्ञात आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया। जवा पुलिस पूरी घटना में मर्ग कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश में जुटी हुई है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात अज्ञात आरोपी ने वारदात को अंजाम दिया।

मासूम बालिका के परिजनों ने बताया कि वह अपने 13 साल के बालक व 9 साल की बेटी के साथ आगन में सो रही थी, पति काम से थे। उसकी अचानक तबियत खराब हो बाहर गए हुए गई जिससे वह घर के अंदर सोने चली गई। बेटा और बेटी सो रहे थे। रात करीब 2.30 बजे जब वह बाहर निकली तो बेटी पलंग पर नहीं थी, देखा की आंगन के किनारे में वह बेसुध हालत में पड़ी हुई है। उसने शोर मचाया तब परिवार के लोग आए। सुबह से अस्पताल ले जाया गया तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी के बाद जवा पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों से पूरी घटना की जानकारी ली। मासूम बालिका का पोस्टमार्टम कराया गया है, जिसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



### आक्रोशित परिजन सहित ग्रामीण उतरे सड़क

जवा क्षेत्र में घर के आंगन में मिली 9 साल की मासूम की लाश, रेप के बाद हत्या की आशंका, पर परिजनों ने जवा चौराहे पर शव रखकर लगाया जमा, घंटों के बाद समझाइए इसके बाद जाम खोला गया पुलिस ने जल्द आरोपियों को पकड़ने की बात कही ।

### इनका कहना है

सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा था

आशंका का जताई जा रही है की दुष्कर्म कर गला घोटकर हत्या करने की गई है परिजनों द्वारा चक्का जाम किया गया था समझाइए देने के बाद मामले को शांत कराया गया आरोपियों की तलाश जारी है जल्द आरोपी हिरासत में होंगे ।

**विवेक लाल एडिशनल एसपी रीवा**

# कलेक्टर ने मतदाताओं से की मतदान की अपील



**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। इसके लिए 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 18 लाख 52 हजार से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने सभी मतदाताओं से निर्भय होकर मतदान की अपील की है। उन्होंने कहा है कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए कड़े प्रबंध किए जा रहे हैं। मतदाता स्वयं मतदान करने के साथ अन्य मतदाताओं को भी मताधिकार के उपयोग के लिए प्रेरित करें। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जिले भर में लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में 24 अप्रैल को बीएलओ, राजस्व अधिकारियों तथा अन्य मैदानी कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर मतदान की अपील की गई। सभी मतदाता निर्भय होकर तथा दबाव मुक्त होकर निष्पक्षता से मतदान करें।

## खबर संक्षेप

### रपटा निर्माण में शिथिलता बरतने पर जारी हुआ अंतिम नोटिस

**अनूपपुर।** जिला खनिज प्रतिष्ठान मद अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों में नौगवां से सोनियामार्ग पर जोहिला नदी में रपटा निर्माण कार्य के निविदाकार अनिल बिल्डकॉन (इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड) को लम्बे समय से कार्य की पूर्णता नही किए जाने पर ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री सुगन्ध प्रताप सिंह ने अंतिम नोटिस जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि जवाब संतोषजनक न होने की स्थिति में फर्म को ब्लैक लिस्ट करने की कार्यवाही हेतु वरिष्ठ कार्यालय को पत्र लेख किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि 23 फरवरी को डीएमएफ अंतर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में निर्माण कार्यों के निविदाकारों द्वारा कार्यों में शिथिलता बरतने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। जिसके परिप्रेक्ष्य में आरईएस द्वारा नोटिस जारी करने की कार्यवाही की गई है।

### भालू के हमले से महुआ बीन रही महिला की मौत



**अनूपपुर।** जिले के कोतमा वन परिक्षेत्र अंतर्गत छिल्पा गांव के पटेराटोला में निवासी रामकली बैगा पति ननकू बैगा उम्र 38 वर्ष जो शुक्रवार की सुबह अपने पति ननकू बैगा पुत्री साधना बैगा एवं नाती पलक पिता अंकित बैगा के साथ गांव तथा घर के पास मुख्य मार्ग के किनारे स्थित को कोरकोटहाई जंगल में महुआ बीनते समय अचानक एक भालू ने रामकली पर हमला कर दिया जिससे रामकली के सिर में गंभीर चोट आई परिजनों एवं ग्रामीण की मदद से पीड़ति को उपचार हेतु 108 एंबुलेंस से जिला चिकित्सालय अनूपपुर लाया गया जहां परीक्षण के दौरान ड्यूटी डॉक्टर ने जिला अस्पताल पहुंचने के पूर्व महिला की मृत्यु होने की जानकारी जिला अस्पताल पुलिस चौकी को दी। अस्पताल पुलिस मृतिका के शव का उसके परिजनों की उपस्थिति में पंचनामा की कार्यवाही की।

### अब पूरे सप्ताह किया जाएगा गेहूं उपार्जन का कार्य

**अनूपपुर।** जिले के कृषकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये रबी विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य अब पूरे सप्ताह (सोमवार से रविवार) किया जायेगा। उक्ताशय की जानकारी जिला आपूर्ति अधिकारी बी.एस. परिहार ने दी है।

### सट्टे के पैसे नहीं दिए तो छीन लिया कार, कोतमा थाना क्षेत्र का मामला

**कोतमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सट्टे में हारे हुए रुपए नहीं देने पर युवक का कार छीन लिया गया। जिसकी शिकायत पीड़ति के पिता के द्वारा कोतमा थाने में दर्ज कराते हुए कार्यवाही की मांग की गई है। मामले के संबंध में शिकायतकर्ता कैलाश प्रसाद पांडे पिता स्वर्गीय आत्माराम निवासी बदरा के द्वारा कोतमा थाने में शिकायत में उल्लेखित कर बताया गया कि 16 अप्रैल को उनके पुत्र अभिलाष पांडे करीब 1 बजे उनकी चार पहिया वाहन क्रमांक एमपी 65 सी 5321 को लेकर अपने कार्य स्थल एक्स-रे सेंटर इस्लामगंज गया हुआ था जिसके बाद पुत्र तथा कार का कोई पता नहीं चलने पर 24 अप्रैल को बड़े बेटे शैलेंद्र पांडे ने अभिलाष को बिजुरी से ढूंढ कर घर लाया तब परिजनों ने कार के संबंध में पूछताछ की तो उसने बताया कि कोतमा कोर्ट में वकालत का काम कर रहे एक व्यक्ति के द्वारा महादेव ऐप में सदस्य बनाकर धोखे में रखकर उसकी आईडी से सट्टा खेल कर 3 लाख 50 हजार रुपए का कर्ज़ अभिलाष के ऊपर कर्ज चढ़ा दिया गया। इसके बाद कोतमा न्यायालय परिसर में बुलाकर वहां से लेकर चला गया साथ ही यह बोला कि जब तक पैसा वापस नहीं करोगे तो कार नहीं मिलेगा। जिससे डर कर अभिलाष बिजुरी भाग गया था। जिसे पकड़ कर लाया गया इसके पश्चात कोतमा थाने में मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है।

# वोट डालने पर मिलेगा उपहार, चार लकी नंबरों पर मतदाताओं को मिलेगा पुरस्कार



**रीवा ।** जिले मे इस बार लोकसभा चुनाव में मतदान करने वालों के लिए चार ऐसे नंबर दिए गए हैं जिस पर इनाम की घोषणा की गई है नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने बताया कि लोकतंत्र के महापर्व में मतदाताओं के लिए इस वर्ष नवाचार किया जा रहा है वह लकी नंबर 18,, 74,, 230 ,,543 है जिस पर जानकारी देते हुए संस्कृत जैन ने बताया कि 18 वी लोकसभा का चुनाव है रीवा विधानसभा का नंबर 74 है मध्य प्रदेश में सीटों की संख्या 230 है और 543 सांसद के लिए पूरे देश में वोटिंग हो रही है इन सभी नंबरों पर जो मतदाता मतदान करेगा उसे रीवा जिले में पुष्कृत किया जाएगा ननि संस्कृति जैन ने बताया है कि यह घोषणा व्यापारियों के साथ मिलकर की गई है जिससे लोगों में मतदान को लेकर अधिक से अधिक रुझान रहे और सत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा हो सके ।

### मतदान दल मतदान सामग्री के साथ हुए रवाना - शाम तक पहुंचे मतदान केन्द्रों में

# कलेक्टर ने मतदान सामग्री वितरण का लिया जायजा





**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रीवा संसदीय क्षेत्र में आज 26 अप्रैल को मतदान होगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा। जिले में बनाये गये 2014 मतदान केन्द्रों में 18 लाख 52 हजार 126 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करेंगे। मतदान कराने के लिए सभी मतदान दल इंजीनियरिंग कालेज से निर्धारित बसों से रवाना हुए शाम तक सभी मतदान दल निर्धारित मतदान केन्द्र में पहुंच गये हैं। मतदान दलों को जीपीएस लगे वाहनों से भेजा गया है। इसी से दलों के पहुंचने की इंजीनियरिंग कालेज स्थित कंट्रोल रूम से मानीटरिंग की गयी।

इंजीनियरिंग कालेज परिसर में प्रातः काल से ही उत्सव जैसा वातावरण रहा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. सौरभ सोनवणे, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी सहित सभी प्रशासनिक अधिकारियों ने मतदान दलों के लिए व्यवस्थायें सुनिश्चित की। मतदान दल के सदस्यों ने विधानसभावार बनाये गये अलग-अलग काउंटरों से मतदान दलों ने मतदान सामग्री और ईव्हीएम प्राप्त की। मतदान दलों के लिए विधानसभावार अलग-अलग पार्किंग स्थलों पर बसें तथा चार पहिया वाहनों की व्यवस्था की गयी थी जो मतदान कर्मी निजी वाहनों से चुनाव ड्यूटी के लिए पहुंचे माखनलाल चतुर्वेदी पत्रकारिता विश्वविद्यालय में सुरक्षित रखवाये गये। पूरे उत्साह और प्रसन्नता के साथ मतदान दलों ने मतदान केन्द्रों के लिए प्रस्थान किया। पिंक बूथ में तैनात मतदान दल की सभी महिला कर्मचारियों ने भी निर्धारित स्थलों से मतदान सामग्री प्राप्त करके पिंक बूथों के लिए प्रस्थान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सामग्री वितरण व्यवस्था तथा स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। उन्होंने कंट्रोल रूम से मतदान दलों के मतदान केन्द्रों में पहुंचने की मॉनीटरिंग का जायजा लिया। इस अवसर पर माइक्रो आब्जर्वर को सामान्य प्रेक्षक संजीव कुमार ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि इससे पूर्व प्रातः 5 बजे अभ्यर्थियों एवं उनके अभिकर्ताओं की उपस्थिति में ईव्हीएम का कंट्रोल रूम खोला गया तथा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट को विधानसभा क्षेत्रवार बनाए गए काउंटर में पहुंचाया गया जहाँ से मतदान दलों को निर्धारित मतदान केन्द्रों के लिए ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपैट सहित अन्य निर्वाचन संबंधी सामग्री प्रदान की गई। मतदान दल के कर्मियों ने निर्वाचन सामग्री का चेकलिस्ट के अनुसार मिलान किया तथा अपने दल के साथ निर्धारित रूट के वाहनों में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच रवाना हुए।

# मतदान दिवस के दिन पालन की जाने वाली आचरण संहिता

**रीवा।** भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस 26 अप्रैल के दिन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित मतदान हेतु राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों को पालन करने वाली आचार संहिता तय कर दी है। इसके तहत मतदाताओं को इस बात की पूर्ण स्वतंत्रता हो कि वे बिना किसी परेशानी व बाधा के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। निर्वाचन कर्तव्य पर लगे हुए अधिकारियों के साथ सहयोग करें। सभी दल अपने प्राधिकृत कार्यकर्ताओं को उपयुक्त बिल्ले या पहचान पत्र वितरित करें। मतदाताओं के उनके द्वारा दी गई पहचान पर्चियां सादे कागज पर होगी और उन पर कोई प्रतीक चिन्ह, अभ्यर्थी का नाम या दल का नाम नहीं होगा। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि अपेक्षा के अनुरूप राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों के द्वारा मतदान केन्द्रों के निकट लगाये गये कैम्पों के नजदीक अनावश्यक भीड़ एकत्र नही होनी चाहिए। अभ्यर्थियों के कैम्प साधारण हों, उन पर कोई पोस्टर झंडे, प्रतीक या अन्य प्रचार सामग्री प्रदर्शित न की जाये। कैम्पों में खाद्य पदार्थ पेश न किये जाये व भीड़ न लगाई जाए। मतदान के दिन वाहन चलाने पर लगाये जाने वाले निर्बन्धनों का पालन करने में प्राधिकारियों के साथ सहयोग करे। मतदान केन्द्र में मतदाताओं के सिवाय कोई भी व्यक्ति निर्वाचन आयेग द्वारा दिये गये विधिमान्य पास के बिना मतदान केन्द्रों में प्रवेश नहीं करेंगे।

# आकर्षण का केन्द्र हैं आदर्श एवं पिंक मतदान केन्द्र




**रीवा।** मतदाताओं को मतदान केन्द्र में उत्सव जैसे माहौल का अनुभव हो इसलिये जिले में आदर्श मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल के निर्देश पर बनाये गये पिंक एवं आदर्श मतदान केन्द्र आकर्षण का केन्द्र हैं। इनकी साज-सज्जा की जाकर अन्य सभी मूलभूत सुविधाएँ मुहैया करायी गयी हैं। इन केन्द्रों में मतदाताओं को मतदान करने जाते समय सुकून व खुशी का अनुभव होगा। यहां बैठने के लिये कुर्सी, बेंच की व्यवस्था के अतिरिक्त पीने के पानी तथा छाया आदि की भी समुचित व्यवस्था की गयी है।

# जन अभियान परिषद द्वारा दस्तक अभियान के अंतर्गत पीला चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर मतदान हेतु किया गया आमंत्रित



**रीवा।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी लेने हेतु सभी मतदाताओं को पीला चावल एवं आमंत्रण पत्र देकर उन्हें आमंत्रित किया गया, ताकि लोकतंत्र के महापर्व को मनाने के उद्देश्य से वो आगे आये और बढ़ चढ़ कर मतदान करे! उक्त दस्तक अभियान कार्यक्रम जन अभियान परिषद के संभाग समन्वयक प्रवीण पाठक एवं विकासखंड समन्वयक रीवा अमित अवस्थी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया! इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि, प्रश्नफुट समितियों के सदस्य एवं परामर्शदाताओं ने भी बढ़कर हिस्सा लिया! जिनमें प्रमुख रूप से बृजेश सिंह, राजेंद्र मिश्रा, कोमल अवस्थी, दीपिका मिश्रा, पारुल शर्मा, प्रियंका पाठक, सिद्धार्थ श्रीवास्तव, चक्रपाणि मिश्रा सहित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास कार्यक्रम के बी.एस.डब्ल्यू एवं एम. एस. डब्ल्यू के छात्र छात्रा शामिल रहे।

# पिस्टल के साथ पकड़ा गया जिलाबदर का आरोपी, 24 साल में किये 23 अपराध



**रीवा।** समान थाना की पुलिस ने जिला बदर के आरोपी अजय पांडेय पिता बिहारीलाल 25 वर्ष निवासी द्वारिका नगर को गिरफ्तार किया। तलासी के दौरान उसके पास से पुलिस को एक पिस्टल मिली। आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने रासुका की कार्रवाही की है। थाना प्रभारी समान हितेंद्रनाथ शर्मा ने बताया कि आरोपी के अपराधों को देखते हुए उसे दो बार जिला बदर किया गया है। हाल ही नवबंर माह में आरोपी अजय पांडेय का जिला बदर का आदेश हुआ था, जिसका उल्लघंन कर आरोपी रीवा में ही घूम रहा था। मुखबिर की सूचना पर आरोपी को पिस्टल के साथ पकड़ लिया गया। थाना प्रभारी समान ने बताया कि आरोपी के 24 साल की उम्र में 23 अपराध थानो में दर्ज है। जिसमें चोरी, लूट, मारपीट एंव आबकारी अधिनियम की भी धाराये लगी है।

# मतदान दिवस में रहेगी उपचार की समुचित व्यवस्था

**रीवा।** कलेक्टर तथा जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती प्रतिभा पाल ने मतदान एवं मतगणना दिवस में उपचार की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस में जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज तथा सिविल अस्पतालों में मतदान दल के सदस्यों के लिए बेड सुरक्षित रखें। जिससे आपात स्थिति आने पर मतदान दल के सदस्यों तथा सुरक्षा कर्मियों को तत्काल उपचार सहायता मिल सके। प्रत्येक सेक्टर आफीसर को सामान्य रोगों के प्राथमिक उपचार की दवाओं की किट उपलब्ध कराएं। सभी मतदान दलों को भी सामान्य रोगों के प्राथमिक उपचार के लिए आवश्यक दवाओं का किट सामग्री वितरण के समय उपलब्ध कराएं। मतदान दिवस में विकासखण्ड स्तर तथा सेक्टर में उपचार दल तैनात रहेंगे। इनके पास पर्याप्त मात्रा में दवाएं तथा आवश्यक उपकरण अवश्य रहें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी रिटर्निंग आफीसरों से समन्वय बनाकर पर्याप्त संख्या में उपचार दल तैनात कराएं।

# उम्मीदवारों को मिलेगा मतदान केन्द्र में प्रवेश

**रीवा ।** मतदान के दिन उम्मीदवारों तथा उनके चुनाव अभिकर्ताओं को मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। उन्हें रिटर्निंग आफीसर द्वारा जारी पहचान पत्र के साथ मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मतदान केन्द्र में सुरक्षा कर्मचारी प्रवेश नहीं करेंगे। यदि किसी उम्मीदवार को सुरक्षा सैनिक प्राप्त है तो उम्मीदवार को मतदान केन्द्र में प्रवेश मिलेगा किन्तु उसके सुरक्षा कर्मी मतदान केन्द्र के बाहर ही रहेंगे। मतदान की अवधि में चुनाव कार्य के लिए तैनात सभी अधिकारियों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति होगी। निर्वाचन आयोग अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा जारी वैध प्रवेश पत्र प्राप्त पत्रकारों को भी मतदान केन्द्र में प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। लेकिन मतदान के गोपनीय कक्ष में किसी भी व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। उस कक्ष में केवल मतदान के लिए मतदाता ही जा सकेगा। वोटिंग मशीन में किसी तरह की खराबी या त्रुटि होने पर मतदान एजेण्टों के साथ पीठासीन अधिकारी गोपनीय कक्ष में प्रवेश कर कठिनाई दूर करने का प्रयास करेंगे।

## जिले में बनाए गए 435 मिक्स पोलिंग बूथ

**रीवा।** लोकसभा निर्वाचन 2024 में रीवा संसदीय क्षेत्र-10 के लिए मतदान 26 अप्रैल को कराया जाएगा। मतदान प्रातः 7 बजे से शाम 6 बजे तक कराया जाएगा। मतदान कराने के लिए जिले भर में 2014 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से 435 मिक्स मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रेयस गोखले ने बताया कि मिक्स पोलिंग बूथ में मतदान दल में पुरूष और महिला मतदान कर्मी शामिल हैं। निर्वाचन कार्य में महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गये हैं। विधानसभा क्षेत्र रीवा में 100, सिरमौर में 50, सेमरिया में 55, त्योंथर में 40, मऊगंज में 50, देवतालाब में 35, गुढ़ में 61 तथा मनगवां में 44 मतदान केन्द्र मिक्स पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। इसी तरह जिले में 16 आदर्श मतदान केन्द्र तथा दो दिव्यांगों द्वारा संचालित मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें पीठासीन अधिकारी सहित मतदान दल के सभी सदस्य दिव्यांग कर्मचारी हैं।